

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

जो रुक गया वो हार गया, जो चल पड़ा वो जीत गया,मंज़िल उसी की होती है जिसने खुद पर विश्वास किया।
मंज़िल मिलेगी ज़रूर, बस कदम बढ़ाते रहना

शुक्रवार 22 मई 2026 बर्ष 02 अंक 135 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं हीट वेव को लेकर नालंदा प्रशासन अलर्ट, डीएम ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2026 के साथ–साथ भीषण गर्मी और हीट वेव से निपटने को लेकर नालंदा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में 21 मई 2026 को कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा संभावित आपदा से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ 2026 को लेकर राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में कुल 15,932 पॉलीथीन शीट उपलब्ध हैं। इसके अलावा संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिले के 20 अंचलों में कुल 233 राहत शिविर एवं 294 सामुदायिक रसोई केंद्रों का चयन किया गया है। सभी केंद्रों पर नोडल पदाधिकारी सहित आवश्यक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला आपदा प्रतिक्रिया सुविधा एवं प्रशिक्षण केंद्र महानंदपुर, बिहारशरीफ में एसडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम तैनात है तथा आवश्यकता पड़ने पर बिहटा, पटना से एनडीआरएफ की टीम भी उपलब्ध कराई जाएगी। आनुग्रहिक राहत राशि वितरण को लेकर आपदा संपूर्ति पोर्टल पर नए लाभुकों की प्रविष्टि एवं मृत लाभुकों के डिलीशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया है। बैठक में कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल तथा अनुमंडल पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से बा. धों एवं तटबंधों की जांच कर 31 मई 2026 तक मरम्मत कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया गया। वहीं कृषि विभाग द्वारा संभावित सुखाड़ को देखते हुए आकस्मिक फसल योजना तैयार कर ली गई है तथा खरीफ 2026 के लिए वैकल्पिक फसलों के बीजों का चयन भी कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति में किसानों को राहत पहुंचाने के लिए डीजल अनुदान योजना एवं कृषि इनपुट अनुदान योजना की तैयारी भी आवश्यकतानुसार की जाएगी। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि जिले में पशुओं के लिए 44 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। सभी 20 प्रखंडों में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां संचालित हैं तथा 21 सोलर कैटल ट्रफ स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा 42 पशु शिविर स्थलों का चयन भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अनुमंडलीय अस्पतालों में 19 प्रकार की आवश्यक मानव दवाएं उपलब्ध हैं। वहीं पेयजल संकट से निपटने के लिए सभी पंचायतों के भू–जल स्तर की दैनिक समीक्षा का निर्देश लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को दिया गया है। खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए 20 विशेष दल कार्यरत हैं तथा 80 टैंकरों के माध्यम से आवश्यकतानुसार जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही जिले में 153 स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। बिहार मौसम सेवा केंद्र द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार 21 से 26 मई 2026 तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना को देखते हुए राजकीय मलमास मेला 2026 के ब्रह्मकुंड परिसर में मिस्ट फैन, कूलर एवं अन्य राहतकारी व्यवस्थाएं की गई हैं। विद्युत विभाग द्वारा भी सड़कों के किनारे ढीले तारों को दुरुस्त करने एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। जिला. धिकारी ने बताया कि पेयजल एवं अन्य आपात समस्याओं के समाधान हेतु जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24 घंटे कार्यरत है। इसके लिए दूरभाष संख्या 06112–233168 एवं मोबाइल नंबर 8789858336 जारी किया गया है। वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा बिहारशरीफ एवं हिलसा में अलग–अलग नियंत्रण कक्ष भी संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में कृषि विभाग द्वारा संभावित सुखाड़ एवं बाढ़ की स्थिति में किसानों के लिए आकस्मिक फसल योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई। विलंबित मानसून की स्थिति में कम अवधि वाले धान, मक्का, ज्वार, मडुआ, उरद, कुल्थी, अरहर एवं अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती करने की सलाह दी गई। वहीं अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति में किसानों को धान की पुनः रोपनी, सब्जी उत्पादन एवं दलहन फसलों की खेती अपनाने का सुझाव दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आपदा की किसी भी स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े।

## मलमास मेला को लेकर प्रशासन सतर्क, पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की आपूर्ति पर डीएम ने की समीक्षा बैठक



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर में आयोजित वैश्विक मलमास मेला 2026 के दौरान पेट्रोल–डीजल एवं रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में 21 मई 2026 को कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में रसोई गैस की कथित कमी एवं कुछ पेट्रोल पंप बंद होने की सूचना के मद्देनजर सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर एवं जिला के वरीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नोडल सेल्स ऑफिसर ने बताया कि जिले में सभी कंपनियों के पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ कार्यरत हैं तथा पेट्रोल–डीजल की कोई कमी नहीं है। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में खपत के अनुरूप लगातार पेट्रोल एवं डीजल की आप. ूर्ति की जा रही है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों को निर्देश दिया कि वे बढ़ती मांग को देखते हुए अपने वरीय अधिकारियों से समन्वय स्थ. ापित कर पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने पेट्रोल पंपों पर 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त तेल का स्टॉक रखने का भी निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला. धिकारी ने कहा कि पेट्रोल–डीजल के वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित अधिकारी तत्काल अपने उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उसका समाधान सुनिश्चित करें तथा इसकी जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को भी उपलब्ध कराएं, ताकि विधि–व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में नोडल पदाधिकारी एलपीजी द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8244 घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि राजगीर मलमास मेला 2026 के कारण होटल, धर्मशाला एवं सामुदायिक रसोईयों में वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों की मांग बढ़ी है। इसे देखते हुए सभी गैस कंपनियों को पर्याप्त मात्रा में कॉमर्शियल सिलिंडर स्टॉक में रखने का निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में पीएनजी पाइप. लाइन विस्तार कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर एवं सिलाव के कई वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है तथा अन्य क्षेत्रों में कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, वहां के उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन का उद्देश्य एलपीजी सिलिंडर पर निर्भरता कम कर लोगों को सुरक्षित एवं निरंतर गैस आप. ूर्ति उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि अब तक जिले में 1969 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। साथ ही उन्होंने इंडियन ऑयल–अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया कि आवासीय विद्यालय, छात्रावास, सामुदायिक रसोई, आंगनबाड़ी केंद्र एवं अन्य संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्टिविटी प्रदान की जाए। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि एलपीजी सिलिंडर प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला स्तर पर संचालित कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 06112–233168 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने लोगों से पेट्रोल–डीजल एवं गैस सि. लिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू गैस सिलिंडर के व्यवसायिक उपयोग की सूचना प्रशासन को देने की भी अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति या संस्थानों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पावापुरी रोड स्टेशन के पास अंडरपास निर्माण में देरी से ग्रामीणों में आक्रोश

### 100 वर्ष पुराना संपर्क मार्ग हुआ बंद, आंदोलन से लेकर हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला, स्वीकृति के बाद भी शुरू नहीं हुआ निर्माण कार्य



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर–बख्तियारपुर रेल लाइन पर पावापुरी रोड स्टेशन के निकट एनएच–20 के रजौली–बख्तियारपुर सेक्शन में विजवनपर क्रॉसिंग स्थित एलसी–41 स्पेशल पर प्रस्ता. वित अंडरपास निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं होने से स्थानीय लोगों में भारी नारा. जगी है। केंद्र सरकार द्वारा करीब 9.99 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय रा. जमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा रेलवे क्रॉसिंग के समीप ऊपरी पुल निर्माण के बाद पावापुरी रोड स्टेशन के पास स्थित रेलवे गुमटी को रेल प्रशासन ने बंद कर दिया था। इसके कारण करीब 100 वर्ष पुराना संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया और विजवनपर क्षेत्र चार हिस्सों में बंट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार रास्ता बंद होने से देवधा, तुंगी और विजवनपर गांव के लोगों को बाजार जाने के लिए लगभग पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। वहीं पहाड़पुरा, पुलिस लाइन, राणाविघा, सिपाह और देवीसराय समेत कई गांवों के लोगों को पावापुरी रोड स्टेशन आने–जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने लंबे समय तक आंदोलन चलाया। अंडरपास निर्माण नहीं होने तक चुनाव बहिष्कार की घोषणा भी की गई थी। इसके अलावा पटना हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर मामले को उठाया गया। ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर इसकी प्रतियां स्थानीय प्रशासन से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक भेजी थीं। लगातार जनदबाव और जनहित याचिका के बाद नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोकसभा में रेल मंत्री और प्रधानमंत्री के समक्ष अंडरपास निर्माण की मांग उठाई थी। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय की अनुशंसा पर इस परियोजना को मंजूरी मिली थी। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित अंडरपास बनने से न केवल आवागमन की समस्या दूर होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। बावजूद इसके निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में निराशा और आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे दोबारा न्यायालय की शरण लेंगे। इस संबंध में सहायक मंडल अभियंता मणिकांत कुमार ने बताया कि पावापुरी रोड स्टेशन के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग–20 पर अंडरपास निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ तकनीकी कारणों से कार्य में विलंब हो रहा है। तकनीकी प्रक्रिया पूरी होते ही प्रस्तावित स्थल पर अंडरपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।




# राजगीर मलमास मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था का डीएम ने लिया जायजा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** राजकीय मलमास मेला 2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 मई 2026 को कुंदन कुमार ने देर रात्रि में राजगीर मेला क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न आवासन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के ठहरने, सुरक्षा, साफ–सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष मलमास मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सु. विधा को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण राजगीर मेला क्षेत्र में 15 चिन्हित स्थलों पर आवासन की विशेष व्यवस्था की गई है। इन स्थलों पर श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पर्याप्त व्यवस्था के साथ–साथ पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, साफ–सफाई एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सुनिश्चित किया गया है। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन, रात्रि गश्ती एवं आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। जिलाधिकारी ने आवासन स्थलों पर ठहरे श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की भी जानकारी ली।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा सभी कर्मी आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। इस दौरान नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा मलमास मेला को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।



# नालंदा पहुंचने पर मंत्री श्रवण कुमार का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मंत्री का अभिनंदन किया



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माननीय मंत्री श्रवण कुमार के नालंदा जिला आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदा. धिकारी गुप्तेश्वर कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मंत्री का अभिनंदन किया। मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस मौके पर मंत्री ने जिले में संचा. लित विकास योजनाओं एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान कई अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चंडी में मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, एक आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट चंडी(नालंदा)।** चंडी थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान दौलतपुर मिल्कीपर निवासी हरेन्द्र कुमार (32 वर्ष), पिता सुरेन्द्र महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 20 मई 2026 को चंडी थाना को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने हरेन्द्र कुमार के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया है। मामले में घायल के भाई इन्द्रजीत कुमार के आवेदन के आधार पर चंडी थाना कांड संख्या 339/26 दर्ज किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के क्रम में 21 मई 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि घायल हरेन्द्र कुमार की इलाज के दौरान पटना स्थित यूनिवर्सल हॉस्पिटल, कुम्हरार में मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले को और गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई तेज कर दी।पुलिस द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। साथ ही घटनास्थल को सुरक्षित कर एफएसएल टीम से जांच कराई गई। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त लाठी एवं खून के धब्बों को जब्त किया है, जिसे वैज्ञानिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। मामले के त्वरित अनुसंधान के दौरान पुलिस ने प्राथ. मिकी अभियुक्त विक्की राम (23 वर्ष), पिता रतन राम, निवासी गोसईमठ थाना चंडी, जिला नालंदा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। वहीं अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में चंडी थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


# दहेज प्रताड़ना से परेशान युवती ने महिला थाना में लगाई गुहार, पति समेत ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** दहेज प्रताड़ना और जान से मारने की साजिश के आरोप को लेकर एक युवती ने बिहारशरीफ महिला थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला हिलसा थाना क्षेत्र के मोती विगहा गांव का बताया जा रहा है। पीड़िता सोनम कुमारी ने गुरुवार को महिला थाना में आवेदन देकर अपने पति, ससुर, देवर समेत अन्य ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि उसकी शादी 4 मई 2017 को हिलसा थाना क्षेत्र के मोती विगहा गांव निवासी वालेश्वर यादव के पुत्र दिलीप कुमार के साथ हिन्दू रीति–रिवाज से हुई थी। शादी में उसके पिता संजय कुमार ने अपनी क्षमता के अनुसार सात लाख रुपये से अधिक की राशि एवं अन्य सामान दहेज के रूप में दिया था। इसके बावजूद शादी के कुछ दिनों बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। सोनम कुमारी का आरोप है कि उसके पति दिलीप कुमार, ससुर वालेश्वर यादव, देवर विकास कुमार तथा अन्य परिजन लगातार मायके से और रुपये लाने का दबाव बनाते थे। पीड़िता के अनुसार सोमवार को ससुराल पक्ष ने उसके पिता से अतिरिक्त



पैसे लाने की मांग की थी। जब मंगलवार को वह बिना रुपये लेकर ससुराल पहुंची तो पति, ससुर, देवर और सास ने उसके साथ मारपीट की तथा कमरे में बंद कर दिया। इतना ही नहीं, उसका बच्चा भी उससे छीन लिया गया।पीड़िता ने आरोप लगाया कि कमरे में बंद करने के बाद पति समेत अन्य लोग बाहर पेट्रोल छिड़ककर उसकी हत्या करने की बात कर रहे थे। इसी दौरान वह किसी तरह मौका पाकर वहां से निकलने में सफल हुई और जान बचाकर मायके पहुंची, जहां उसने पूरी घटना की जानकारी अपने पिता को दी। वहीं, पीड़िता के पिता संजय कुमार ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर अपनी पुत्री की शादी की थी, लेकिन इसके बावजूद दामाद और उसके परिवार द्वारा लगातार पैसों की मांग की जाती रही। जब उन्होंने अतिरिक्त पैसे देने से इनकार कर दिया तो उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। इस मामले में पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा से जुड़े इस संवेदनशील मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015



# नगरनौसा में बच्चों के बीमार होने के मामले ने लिया नया मोड़, डॉक्टर बोले– हीट स्ट्रोक की आशंका

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा(नालंदा)।** नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड स्थित कैला गांव में मिड–डे मील खाने के बाद करीब 33 बच्चों के बीमार होने के मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। मामले को लेकर स्थानीय अस्पताल प्रशासन ने प्रारंभिक जांच में हीट स्ट्रोक की आशंका जताई है। नगरनौसा अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी धनेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला मिड–डे मील भोजन से जुड़ा नहीं प्रतीत हो रहा है, बल्कि भीषण गर्मी और हीट स्ट्रोक से संबंधित लग रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मिड–डे मील को लेकर किसी प्रकार की अफवाह न फैलाएं, क्योंकि गलत जानकारी और गलत इलाज से बच्चों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि इन दिनों अत्यधिक गर्मी पड़ रही है, ऐसे में अभिभावकों को बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। बच्चों को सुबह–शाम स्नान कराएं, पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं तथा तेज धूप में बाहर निकलने से बचाएं। डॉ. धनेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग



की टीम कैला गांव पहुंचकर मेडिकल कैंप लगाकर बच्चों की जांच एवं उपचार कर रही है। सभी प्रभावित बच्चों की लगातार निगरानी की जा रही है और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है, ताकि बच्चों के बीमार होने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# राजकीय मलमास मेला 2026 में मीडिया कर्मियों की सुविधा के लिए बनाया गया मीडिया सेंटर




**केशववाणी राजगीर(नालंदा)।** राजकीय मलमास मेला 2026 के दौरान मीडिया कर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल की गई है। मेला थाना परिसर, राजगीर में मीडिया बंधुओं के लिए अत्याधुनिक मीडिया सेंटर का निर्माण कराया गया है, ताकि मेले की कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को बेहतर कार्य सुविधा उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि मीडिया सेंटर में मीडिया कर्मियों के बैठने, समाचार संकलन एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रशासन ने सभी मीडिया बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे मेला थाना परिसर स्थित मीडिया सेंटर का लाभ उठाएं तथा राजकीय मलमास मेला 2026 की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की सुचारू रूप से कवरेज करें।

# कैला स्कूल एमडीएम मामला– 220 स्कूलों में गया था खाना एक ही विद्यालय से शिकायत आने पर उठे कई सवाल

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा(नालंदा)।** नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय कैला में मिड–डे मील खाने के बाद 33 से अधिक बच्चों के बीमार होने के मामले में अब कई नए सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की पड़ताल के लिए जब संवाददाता एकता शक्ति फाउंडेशन पहुंचे तो कई महत्वपूर्ण बातें सामने आईं। जानकारी के अनुसार नगरना. "सा एवं चंडी प्रखंड के कुल 220 विद्यालयों में एक ही केंद्र से मिड–डे मील का भोजन भेजा गया था, लेकिन शिकायत केवल मध्य विद्यालय कैला से ही सामने आई है। बच्चों ने आरोप लगाया है कि सब्जी में टैबलेट जैसी कोई वस्तु मिली थी। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि खाना पूरी तरह पक जाने के बावजूद कथित टैबलेट आखिर घुली क्यों नहीं और उसका रंग सफेद कैसे बना रहा। हालांकि इसका स्पष्ट खुलासा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मामले को लेकर स्कूल में आपसी रंजिश की चर्चा भी सामने आ रही है। ऐसे में यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या आपसी विवाद के कारण बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया गया। घटना को लेकर अभिभावकों एवं ग्रामीणों में भी चिंता बनी हुई है।




इस संबंध में शशांक शेखर ने बताया कि संस्था द्वारा नगरनौसा और चंडी प्रखंड के करीब 220 स्कूलों में भोजन उपलब्ध कराया गया था, लेकिन केवल एक विद्यालय से शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविक कारण सामने आ सके। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है। भोजन के नमूनों की जांच कराई जा रही है तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# सशक्त कमेटी के चुनाव को लेकर नप में सरगर्मी तेज

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** राजगीर नगर परिषद में सशक्त कमेटी के चुनाव को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कार्यालय को पत्र जारी किया गया है। यह चुनाव 25 से 31 मई के बीच होना है। यह जानकारी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग से पत्र जारी किया गया है लेकिन जिला पदाधिकारी के द्वारा अभी निर्देश नहीं आया है। वह भी जल्द आ जाएगा। इधर सशक्त कमेटी के चुनाव की घोषणा होते ही राजगीर में फिर से सशक्त कमेटी के लिए वार्ड पार्षदो की चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। अपने–अपने पार्षद गुट की गोलबंदी शुरू हो गई है। इस बार विपक्षी टीम से सुधीर पटेल की पत्नी वार्ड संख्या चार की अनीता सिन्हा सशक्त कमेटी के चुनाव की रेस में आगे दिख रही है। पार्षदों के द्वारा अपार बहुमत मिल रही है। इस बार ऐसा लग रहा है कि अनीता सिन्हा सशक्त कमेटी की दौड़ में जरूर बाजी मारेगी। जबकि इसी तरह सभापति प्रतिनिधि और उपसभापति प्रतिनिधि के द्वारा भी लगातार अपने पक्ष में पार्षदों को गोलबंदी करने में जुटे हुए हैं। अब देखना है कि किसके पक्ष में कौन पार्षद सशक्त कमेटी की चुनाव मे अपने दावेदारी सुनिश्चित करते हैं।

# राजगीर के जंगल से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** राजगीर थाना क्षेत्र के वैतरणी के समीप जंगल में छा. पेमारी कर उत्पाद विभाग की टीम ने अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की है। कार्रवाई के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखी गई शराब की बोतलें और केन बीयर जब्त की गई। उत्पाद अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने जंगल क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। तलाशी के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखे गए अंग्रेजी शराब एवं बीयर के केन बरामद किए गए। कुल मिलाकर करीब 27 लीटर शराब एवं बीयर जब्त की गई है।उन्होंने बताया कि इस मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उत्पाद विभाग द्वारा शराब तस्करों की पहचान करने एवं उनके नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। विभाग का कहना है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

BP
Shri Sai
Mob: - 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

हरि ॐ बाबा
ॐ
मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं
तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती
उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडीस, छुतहा भी झाड़ा जाता है !
स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)

# नगरनौसा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ फिर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव, रंजू कुमारी ने बताया अवैध

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी के खिलाफ एक बार फिर अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के बाद स्थानीय राजनीति गरमा गई है। प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी ने इस प्रस्ताव को पूरी तरह अवैध बताते हुए इसके खिलाफ मानह. ानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। रंजू कुमारी ने कहा कि इससे पहले भी उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसे पटना हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसके बावजूद कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए दोबारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है, जो कानूनन गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने नगरनौसा प्रखंड कार्यालय क्षेत्र में फर्जी तरीके से बहाल शिक्षकों की जांच का मुद्दा उठाया और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास किया, तभी से कुछ लोग उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं।प्रखंड प्रमुख ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में निगरानी विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय से जुड़े कई लोगों की गिरफ्तारी की गई है।




इसी कार्रवाई से परेशान कुछ लोगों द्वारा उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव राजनीतिक साजिश का हिस्सा है और इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर वह कानूनी कार्रवाई करेंगी और संबंधित लोगों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# हरनौत रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत




**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** राजगीर–बख्तियारपुर रेलखंड के हरनौत रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि ट्रेन की चपेट में आने से शव दो हिस्सों में बंट गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सियाशरण जमादार (76 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मिरदहाचक पोआरी गांव के निवासी थे। परिजनों के अनुसार वह आंख की जांच कराने बिहारशरीफ जा रहे थे। मृतक के भतीजे प्रभाकर कुमार ने बताया कि उनके चाचा ने दो दिन पहले ही आंख का ऑपरेशन करवाया था। गुरुवार सुबह वह अकेले घर से बिहारशरीफ जांच कराने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे।वहीं इस मामले में बख्तियारपुर जंक्शन के आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने बताया कि बिहारशरीफ से बख्तियारपुर की ओर जा रही मेमू पैसेंजर ट्रेन संख्या 63339 के सामने अचानक बुजुर्ग रेल पटरी पर आ गए, जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शव दो हिस्सों में बंट गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया है। आरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह महज एक हादसा था या फिर किसी मानसिक तनाव अथवा अन्य कारण से बुजुर्ग ने आत्मघाती कदम उठाया।

# भीषण गर्मी का राजगीर मलमास मेला पर असर शाम होते ही उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** 17 मई से शुरू हुए राजगीर मलमास मेला 2026 पर इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी का असर साफ देखने को मिल रहा है। तेज धूप और लू जैसे हालात के कारण दिन के समय मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी कम नजर आ रही है। दोपहर के समय लोग घरों एवं ठंडे स्थानों में रहना ही सुरक्षित समझ रहे हैं। हालांकि जैसे ही शाम ढलती है, राजगीर मलमास मेला एक बार फिर रौनक से भर उठता है। देर शाम बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक मेला घूमने के लिए पहुंच रहे हैं। मेले में लगे झूले, सर्कस, जादूगर शो, थिएटर, मौत का कुआं तथा अन्य मनोरंजन के साधन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में मेले को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। शाम के समय मेला परिसर रंग–बिरंगी रोशनी और लोगों की चहल–पहल से गुलजार हो उठता है। खाने–पीने की दुकानों एवं खिलौना बाजारों पर भी लोगों की अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है।



वहीं प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं गर्मी से बचाव के लिए पेयजल, मिस्ट फैन, कूलर एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद दिन में अत्यधिक गर्मी के कारण लोगों की आवाजाही सीमित बनी हुई है।

# राजगीर में बिजली संकट गहराया



**केशववाणी नालंदा से संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट (नालंदा)।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर इन दिनों ऐतिहासिक मलमास मेला की भक्ति और आस्था में डूबी हुई है। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु राजगीर पहुंच रहे हैं। होटल, धर्मशाला और स्थानीय लोगों के घरों में भी अतिथियों का आगमन लगातार बढ़ रहा है। लेकिन शहर की लचर बिजली व्यवस्था श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से राजगीर में दिन–रात मिलाकर आठ से दस घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार बिजली बाधित रहने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि करीब एक माह पूर्व मलमास मेला की तैयारी को लेकर बिजली विभाग द्वारा लगातार बिजली काटी जाती रही, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है। स्थानीय व्यवसायियों का आरोप है कि मेला के नाम पर घंटों बिजली बाधित की जा रही है, जिससे कारोबार भी प्रभा. वित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि बार–बार बिजली जाने से होटल, रेस्टोरेंट, ठेला एवं छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। वहीं श्रद्धालुओं को भी ठहरने और अन्य सुविधाओं में परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों और व्यवसायियों ने बिजली विभाग से अविलंब व्यवस्था सुधारने तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की

# समग्र शिक्षा में प्रशिक्षण और कंटिंजेंसी भुगतान में गड़बड़ी का आरोप राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा विभाग से की जांच की मांग

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रशिक्षण एवं कंटिंजेंसी मद में हुए भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग बिहार पटना को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने का अनुरोध किया है पत्र में आरोप लगाया गया है कि समग्र शिक्षा कार्यालय नालंदा में विभिन्न मदों के भुगतान के लिए कथित रूप से कमीशन की मांग की जाती है और कमीशन मिलने के बाद ही राशि का भुगतान किया जाता है। पत्र में जिला शिक्षा पदा. धिकारी आनंद विजय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मो शाहनवाज आलम तथा अकाउंट ऑफिसर आशीष कुमार का उल्लेख करते हुए वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में प्रशिक्षण और कंटिंजेंसी मद के भुगतान की जांच कराने की मांग की गई है। पत्र में यह भी कहा गया है कि विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण के दौरान खान–पान सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सरकारी राशि आवंटित होती है, लेकिन कई प्रखंडों में कागजों पर ही प्रशिक्षण दिखाकर भुगतान किए जाने का आरोप है। साथ ही कई भुगतान संदिग्ध वाउचर और बिल के आधार पर किए जाने की बात कही गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

